# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर
## जी.ई. रोड़, रायपुर - 492010 (छत्तीसगढ़)

Web site-www.gacraipurcg.in E-mail- ayurvediccollege@gmail.com
Tel./ Fax No.:- 0771-2263396


क्रमांक/प्रवेश/2023/..658-59 रायपुर, दिनांक 22/02/23

## आयुर्वेद स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विज्ञापन

### आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि - 06.03.2023 (समय सायं 05:30 बजे तक)

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर छ.ग. (पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर से संबद्ध) में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी. आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वन्तरि (एम.एस. आयुर्वेद) में शैक्षणिक सत्र् 2022-23 में प्रवेश हेतु N.T.A. (National Testing Agency) द्वारा आयोजित **AIAPGET-2022** में सम्मिलित एवं पात्र छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**<u>महत्वपूर्ण टीप :-</u>**

1. आवेदन करने हेतु निर्धारित प्रारूप, आवश्यक निर्देश एवं अन्य विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट **www.gacraipurcg.in** में उपलब्ध है। आवेदन पत्र का प्रारूप उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर उपयोग किया जा सकता है।

2. **आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि-** समस्त आवश्यक सहपत्रों सहित पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र **प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, जी.ई. रोड, रायपुर - 492010 (छत्तीसगढ़)** के कार्यालय में पंजीकृत डाक/ स्पीडपोस्ट/ कूरियर के माध्यम से दिनांक 06.03.2023 को **समय सायं 05:30 बजे तक** प्राप्त हो जाने चाहिए। आवेदक कृपया ध्यान देवें कि डाक अथवा **किन्हीं अन्य कारणों से निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को अमान्य किया जावेगा।** व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

3. आवेदकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने आवेदन में प्रविष्टियों को सहीं-सहीं भरें एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों को संलग्न कर (√) का निशान लगायें। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदन **<u>अमान्य किया जा सकेगा।</u>**

4. आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का परीक्षण कर प्रवेश परीक्षा (AIAPGET 2022) की प्रावीण्यता के आधार पर श्रेणीवार सूची तैयार कर महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

5. आवेदक द्वारा उनके आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत समस्त जानकारियां अंतिम मानी जावेगी। तद्नुसार ही प्रवेश सम्बन्धी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

6. श्रेणीवार मेरिट सूची तथा प्रवेश हेतु काउंसिलिंग की सूचना वेबसाईट **www.gacraipurcg.in** पर दी जावेगी।

7. श्रेणीवार क्षैतिज आरक्षण का नियमानुसार पालन किया जावेगा।

8. छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर आयुर्वेद शिक्षा प्रवेश नियम 2019, यथासंशोधित 2020 एवं समय-समय पर जारी संशोधन, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद (स्नातकोत्तर आयुर्वेद शिक्षा) विनियम 2016 एवं संशोधन 2018 एवं समय-समय पर जारी संशोधन तथा भारत सरकार, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों का कठोरता से पालन किया जावेगा।

9. छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर आयुर्वेद शिक्षा प्रवेश नियम 2019, यथासंशोधित 2020 एवं समय-समय पर जारी संशोधन महाविद्यालय की वेबसाईट **www.gacraipurcg.in** पर उपलब्ध है। काउंसिलिंग के पूर्व दिशा-निर्देश/ नियमों में संशोधन होने की स्थिति में उन्हें भी इसी वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जावेगा।

10. भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के पत्र क्रमांक Ref. L-14030/ 85/ 2022 -EP- I दिनांक 02.01.2023 के अनुसार आवेदकों की इन्टर्नशिप 31.12.2022 तक अनिवार्यः पूर्ण होनी चाहिए।

11. प्रवेश एवं काउंसिलिंग से सम्बन्धित अन्य निर्देश/सूचना जैसे सीटों की श्रेणीवार एवं विषयवार जानकारी हेतु नियमित रूप से निर्धारित वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

12. शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर के आयुर्वेद स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सभी सीटों का आबंटन प्राचार्य द्वारा गठित काउंसिलिंग समिति द्वारा किया जावेगा। अतः किसी व्यक्ति/ संस्था/ एजेंसी के प्रलोभन में न फंसे।

प्राचार्य
प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)
रायपुर (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| कार्यालयीन उपयोग हेतु | आवेदक पासपोर्ट साइज का नवीनतम रंगीन फोटो चस्पा कर स्व–अभिप्रमाणित करें। |
|---|---|

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
जी.ई. रोड रायपुर (छ.ग.)
492010

1. आवेदक का पूरा नाम : ..........................................................................................
2. पिता/ पति का नाम : ..........................................................................................
3. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता : ..........................................................................................
..........................................................................................
..........................................................................................
मोबाईल/ फोन नं. ..................................................
E-mail ID ..................................................
4. लिंग – पुरुष ☐ महिला ☐ ( √ का निशान लगाये)
5. जन्मतिथि : ...................... (अंको में) ..............................................................(शब्दों में)
6. आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी है : हाँ/ नहीं (√ का निशान लगाये)
7. आवेदक की श्रेणी : ......................... (अनारक्षित/ई.डब्ल्यू.एस./अनु.जनजाति/अनु.जाति/अ.पि.वर्ग)
8. आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का नियमित शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी है : हाँ/नहीं ......
9. बिन्दु 08 की जानकारी यदि हाँ हैं तो प्रथम नियुक्ति का दिनांक ..................................
10. विश्वविद्यालय का नाम जहाँ से आवेदक ने बी.ए.एम.एस. की स्नातक उपाधि प्राप्त की हो
.............................................................................. उपाधि वर्ष : ...................
11. इन्टर्नशिप पूर्ण करने की तिथि : ...........................
12. राज्य आयुर्वेद बोर्ड/परिषद का नाम जहाँ आवेदक पंजीकृत है ..................................................
................................................ एवं पंजीयन क्रमांक : ..............................................
13. AIAPGET 2022 – का विवरण
**a)** Roll No. ....................................
**b)** All India Rank ..............................
**c)** Maximum Marks. ........................
**d)** Total Marks Obtained ..................
**e)** Percentile Score. ..........................

**आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति निम्न क्रम में संलग्न कर (√) का निशान लगाये।**

1. AIA PGET 2022 परीक्षा हेतु जारी एडमिट कार्ड
2. AIA PGET 2022 की अंकसूची
3. कक्षा 10वीं की अंकसूची
4. कक्षा 12वीं की अंकसूची
5. बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम की समस्त परीक्षाओं की अंकसूचियाँ।
6. इन्टर्नशिप पूर्ण करने का प्रमाण पत्र।
7. बी.ए.एम.एस. उपाधि प्रमाण पत्र।
8. किसी भी राज्य के शासन द्वारा मान्यता प्राप्त आयुर्वेद बोर्ड/ परिषद में जीवित पंजीयन का प्रमाण पत्र।
9. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र ।
10. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र (केवल छत्तीसगढ़ के आरक्षित श्रेणी के आवेदकों के लिये)
11. ओ.बी.सी. (अन्य पिछड़ा वर्ग) (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के अभ्यर्थियों को पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2021-22, 2020-21 एवं 2019-20 का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र (जो कि शासकीय/ केन्द्र शासन के कार्यालय के फार्म-16 अथवा तहसील कार्यालय से जारी किया गया हो) संलग्न करना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में क्रीमीलेयर सम्बन्धी शासन के नवीनतम दिशा-निर्देश लागू होंगे।
12. आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/ तहसीलदार द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी नवीनतम (वित्तीय वर्ष 2021-22 का) आय एवं संपत्ति प्रमाण-पत्र।
13. सेवारत होने की स्थिति में नियोजक द्वारा प्रवेश परीक्षा में भाग लेने का अनुमति पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

संलग्न प्रमाण पत्रों की संख्या : ............................

स्थान : ...............................

दिनांक : .............................

आवेदक का हस्ताक्षर ............

एवं नाम -

E-mail ID

Mo. No.

प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय